साप्ताहिक

Website: www.narmadasamay.com
Email: narmadasamay@gmail.com

Title Code:-MPHIN/36648

# नर्मदा समय

संपादक-प्रताप सिंह वर्मा

वर्षः 01, अंकः 27 | इटारसी, सोमवार 12 जून से 18 जून 2023 | पृष्ठ-04 | मूल्यः 05 रुपए

# आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 10 हजार से बढ़ा कर 13 हजार रूपए होगा : मुख्यमंत्री चौहान

## मुख्यमंत्री चौहान आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में हुए शामिल





नर्मदा समय, संवाददाता

**भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 10 हजार रूपए से बढ़ा कर 13 हजार रूपए किया जाएगा। मानदेय में इंसेंटिव के रूप में 1000 रूपए की वृद्धि प्रतिवर्ष की जाएगी। आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का 1000 रूपए प्रति माह अलग से प्राप्त होगा। मिनी आँगनवाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय भी 6 हजार 500 रूपये प्रतिमाह कर दिया गया है।**

आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त एक लाख 25 हजार रूपए और सहायिकाओं को एक लाख रूपए उपलब्ध कराए जाएंगे। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का 5 लाख रूपए का स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा कराया जाएगा। सहायिका से आँगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति के लिए 50 प्रतिशत पद आरक्षित होंगे। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता को शासकीय कर्मचारी की तरह। सुविधा होगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह घोषणा आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के भेल दशहरा मैदान में हुए सम्मेलन में की। मुख्यमंत्री भारतीय मजदूर संघ तथा मध्य प्रदेश आँगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की भूमिका सराहनीय है। लाड़ली लक्ष्मी और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के क्रियान्वयन में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को लागू करवाने में आँगनवाड़ी की बहनों ने कठिन परिश्रम किया है, जो अभिनन्दनीय है। बहनों ने कम समय में दिन-रात एक कर एक करोड़ 25 लाख पंजीयन कराए, यह बड़ी उपलब्धि है। कुपोषण कम करने के लिए आँगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं के सतत प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के परिश्रम और उनके द्वारा समाज के लिए किए जा रहे कार्यों का सदैव सम्मान किया है और समय - समय पर मानदेय में वृद्धि की है।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सामाजिक क्रांति की एक महत्वपूर्ण कड़ी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मेरे अंतर्मन से निकली योजना है। भारत में प्राचीनकाल में महिलाओं का बहुत सम्मान था, परंतु देश के गुलाम होने के बाद महिलाओं के साथ अन्याय हुआ। ऐतिहासिक कारणों के परिणामस्वरूप घरों में भी महिलाएँ दोयम दर्जे के व्यवहार की शिकार हुईं। अपनी छोटी-मोटी जरूरतों के लिए भी बहने दूसरों पर निर्भर थीं। उनकी स्थिति में सुधार के लिए ही प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना, कन्या विवाह योजना, अन्य प्रोत्साहन गतिविधियाँ और महिला सशक्तिकरण के लिए योजनाएँ क्रियान्वित की गईं। लाड़ली बहना योजना भी इस सामाजिक क्रांति की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ और मध्यप्रदेश आँगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।

## रानी अवंती स्कूल की प्रतिभावान छात्रा श्वेता मिर्धा को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सम्मानित किया



**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले की उभरती हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कौशल श्री विकास समिति ने शगुन प्राइड गार्डन नर्मदापुरम में सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह एवं विशिष्ट डॉ अतुल सेठा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इटारसी की रानी अवंती विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा दसवीं की होनहार छात्रा श्वेता मिर्धा पिता सुनील मिर्धा को स्कूल प्राचार्य डॉ प्रताप सिंह वर्मा के साथ ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। श्वेता ने दसवीं की परीक्षा 85 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। कार्यक्रम के आयोजक सतीश बिल्लोरे सर द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि नर्मदापुरम कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन नियम पूर्वक मेहनत कर प्राप्त करने की ठान ले तभी सफलता हासिल होगी। विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाएं, सिविल सर्विसेज, आई ए एस की तैयारी किस प्रकार के अध्यापन करके करें कलेक्टर महोदय से पूछा जिसका जवाब उन्होंने विस्तार पूर्वक बच्चों को समझा कर दिया।

## बिजली कंपनी के ऑपरेटर का शव फंदे पर झूलता मिला

**हरदा।** ग्राम सिराली मे बंद कमरे के अंदर फांसी पर लटका मिला बिजली कंपनी का ऑपरेटर। बिजली कंपनी के स्थानीय केंद्र के एक ऑपरेटर का शव शनिवार को उसके मकान में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। कमरे में बाहर से ताला लगा था। हत्या या आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका। पुलिस ताला तोड़कर घर में घुसी और पंचानामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया मंडला के नैनपुर निवासी विशाल पिता मोहनलाल बाढ़व उम्र 38 वर्ष बिजली कंपनी के केंद्र में ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। उसकी पत्नी और बच्चे नागपुर शादी में गए हुए हैं। इसी दौरान उसने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके मकान के दरवाजे पर बाहर से ताला लगा हुआ था। इस वजह से लोग इस मामले को संदिग्ध मान रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पचमढ़ी मानसून मैराथन 23 जुलाई को, रजिस्ट्रेशन शुरू, देशभर से धावक होंगे शामिल



**नर्मदा समय / नर्मदापुरम /** प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर मप्र का सुरम्य पर्यटन स्थल पचमढ़ी एक बार फिर धावकों के कदमों की आवाज से गूंजेगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से 'एडवेंचर एंड यू' (के.ए. कनेक्ट) पचमढ़ी में पचमढ़ी मानसून मैराथन के पांचवे संस्करण का आयोजन 23 जुलाई, रविवार को किया जा रहा है। मैराथन चार श्रेणियों- 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर में होगी। सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट, ट्राफियां और आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। 42 किलोमीटर की फुल मैराथन सबसे चुनौतीपूर्ण होगी, क्योंकि धावकों को 1000 मीटर की चढ़ाई का सामना करना होगा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत नर्मदापुरम जिले में पर्यटन को चुना गया है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में इसी योजना के तहत 52 हफ्ते 52 गतिविधियां चिह्नित की हैं। मानसून मैराथन गतिविधी भी इसका एक हिस्सा है। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए प्रत्येक वर्ष देशभर से धावक पचमढ़ी पहुंचते हैं। सभी रन समय बाधित है। प्रतिभागियों को एक टाइमिंग चिप, सर्टिफिकेट, ड्राई-फिट मैराथन टी.शर्ट, फिनिशर्स मेडल, पोस्ट रेस रिफ्रेशमेंट और पूर्ण रूट सपोर्ट मिलेगा। पंजीकरण केवल पहले 1000 प्रतिभागियों के लिए स्वीकार किया जाएगा।

## ग्रीष्म कालीन नि :शुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर का समापन

नर्मदा समय/ प्रदीप गुप्ता

**नर्मदापुरम।** प्राचीन नर्मदा घाट पर विगत 15 अप्रैल 2023 से निरंतर चल रहे निशुल्क तैराकी एवं ट्रायथलान प्रशिक्षण शिविर का समापन 10 जून को सादगी पूर्ण तरीके से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.एस.एस. नगर प्रमुख डॉ. श्याम सुंदर मोटवानी, विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक शिक्षा श्रीमति सुनीता बाधवा एवं पर्यावरणविद राष्ट्र सेविका समिति सदस्य श्रीमति रिचा गुप्ता ठाकुर ने अपनी गरिमा मय उपस्थिति प्रदान की। अतिथियों ने अपने संबोधन में जल संरक्षण की बात प्रमुखता से कही उन्होने बताया कि नर्मदा नदी की सहायक नदियां सूखती जा रही है । अतः हमें इनके संरक्षण के लिये प्रयास करना होगा साथ ही सभी नागरिकों का दायित्व है कि अपने घर से ही जल बचाने की शुरुआत करें, बर्बाद होते हुए पानी को हमें रोकना है, साथ ही तैराकी एवं ट्रायथलान खेल में स्वयं सहित नगर, जिले और प्रदेश को गौरान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक उमाशंकर व्यास ने बताया कि इस साल तकरीबन 230 से भी अधिक बच्चों ने निःशुल्क तैराकी व ट्राइथलान शिविर में भाग लेकर इन खेलों की तकनीकी बारीकियों को जाना ओर शिविर अवधि में प्रतिदिन छात्रों को निःशुल्क स्वल्पाहार कराया गया। जिन बच्चों को पानी के नाम से ही डर लगता था उन बच्चों ने भी इस वर्ष प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा बनकर प्रशिक्षकों की मदद से तैराकी सीख कर हमेशा के लिये अपने मन से पानी के डर को मिटा लिया। शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरण अतिथियों द्वारा किये गये। इस अवसर पर नर्मदा युवा संस्था के अध्यक्ष मुकिल गुप्ता, सहायक प्रशिक्षक मनोहर सराठे, धीरेन्द्र मिश्रा, मुकुल कांत सोनिया, कमल चौधरी, बबलू यादव आदि ने बच्चों को तैराकी के फायदे बताये बताया कि तैरने से हृदय, फेफड़ों मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूती मिलती है और लंबाई जल्दी बढ़ती है। ऊर्जा का संचार होता है। शरीर में तरोताजगी और लचीलापन के अलावा मानसिक तनाव से भी निजात मिलती है। साथ ही कभी पानी में होने वाली दुर्घटनाओं के समय तैराकी जानने वाला व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित तरीके से बचा लेता है । अभिभावकों से आव्हान किया है कि वे भी अपने बच्चों को तैरना अवश्य सिखायें। इस दौरान बबलू राठौर, कमलेश बाथरे, श्याम राजदेव, अशोक खंडेलवाल, रामसिंह, संदीप सेन आदि सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र एवं पालक उपस्थित थे। अंत मुकुल गुप्ता अध्यक्ष नर्मदा युवा संस्था ने अतिथियों एवं सभी उपस्थित छात्र व अभिभावकों आभार व्यक्त किया ।

## भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया रुकमणी विवाह, भाव विभोर हुए श्रोता





नर्मदा समय/प्रदीप गुप्ता

**नर्मदापुरम।** स्थानीय तिलक भवन के सामने सेठानी घाट पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आनंद महोत्सव का में वृंदावन से पधारी अंबालिका किशोरी के मुखारबिन्द से पांचवे दिन की कथा का श्रवण कराया। अंबालिका किशोरी ने रुकमणी विवाह की कथा का श्रवण कराया।

रुकमणी विवाह का वर्णन करते हुए अंबालिका किशोरी ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की, भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया, अपने वचन को पूरा करने के लिये भगवान ने महारास का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने माँ भगवती स्वरूपा रुकमणी का हरण कर उनसे विवाह किया। कथा में गिरीराज पूजन की कथा का वर्णन भी किया। इसके अलावा भगवती कात्यानी पूजन महत्व, मथुरा गमन, कंस वध, गोपियों के साथ महारास, गोपी गीत का वर्णन भी किया। कथा में वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा पात्रों के चरित्र की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केन्द्र बनी हैं।

आज कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बरात घोड़े और बैंडबाजों से निकाली गई, बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया है। एक-दूसरे को वरमाला डालकर विवाह संपन्न होने की प्रस्तुतियां दी गईं। आज की कथा में भगवान कृष्ण के आठ विवाह, 16 हजार 108 विवाह, राजसूय यज्ञ भगवान दतात्रेय द्वारा चौबीस गुरू की कथा की महिमा वर्णन, सुदामा चरित्र एवं भगवान का गौ लोक की कथा का वर्णन किया जायेगा। इसके अलावा महाभारत युद्ध का वर्णन भी किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण फूलों की होली रहेगी। कथा में आज मुख्य रूप से विधायक डा. सीतासरन शर्मा, पीयूष शर्मा, राजेश तिवारी, हंस राय, रोहित गौर, गजेन्द्र राव, आदित्य वर्मा, सुरेश वर्मा सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे। कथा आयोजक सुदेश वर्मा, ज्योतिरानी वर्मा एवं सुनील वर्मा ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में दिनांक 12 जून को दोपहर 1 बजे से पूर्ण आहुति एवं भंडारा में शामिल होने की अपील की है।

प्रवेश प्रारंभ.. प्रवेश प्रारंभ..

रानी अवंती ओपन स्कूल (RAOS)

NIOS द्वारा 5वीं, 8वीं पास करें


पढ़ाई में कमजोर एवं पढ़ाई छोड़ चुके विद्यार्थियों के लिए
सुनहरा अवसर राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS)
भारत सरकार द्वारा पांचवी आठवी पास करें।

NIOS द्वारा 5वीं, 8वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी आगे की कक्षाओं में रेगुलर एडमिशन के पात्र होंगे

संपर्क : रानी अवन्ति हेल्प लाइन संस्था, लाइफ-लाइन भवन,
शिवराजपुरी कॉलोनी, इटारसी म प्र
M: 7974372722, 8839491946

# कांग्रेस की यूपी पॉलिटिक्स

देश की राजनीति को देखते हुए उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां से 80 सांसद दिल्ली पहुंचते हैं। लगभग चार दशक से यहां कांग्रेस सत्ता से बाहर है लेकिन पार्टी उत्तर प्रदेश को अपना गढ़ मानती है। मौजूदा समय में समाजवादी पार्टी (सपा) मुख्य विपक्षी पार्टी है लेकिन सूबे में पांच बार सरकार बना चुकीं बसपा प्रमुख मायावती भी यूपी को अपना मजबूत किला मानती है। विपक्षी दलों की एकता का समीकरण यहीं पर सबसे ज्यादा उलझा हुआ है। पहले चर्चा थी कि कांग्रेस और सपा मिलकर 2024 के लोकसभा चुनाव लड़ेंगे लेकिन अभी 8 जून को ही सपा के संस्थापक सदस्यों में गिने जाने वाले पूर्व राज्य मंत्री सीपी राय और सीतापुर के पूर्व विधायक राकेश राठौर ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इन लोगों ने संकल्प लिया है कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के हक के लिए संघर्ष करेंगे। सीपी राय कहते हैं कि वह जन्म से ही समाजवादी रहे लेकिन सपा में अब न समाजवाद है और न ही विचारधारा बची है। सपा का नैमिषारण्य में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर साफ्ट हिन्दुत्व माना जा रहा है। वैसे विपक्षी दलों को यह पता है कि बिना हिन्दुत्व का सहारा लिये भाजपा का मुकाबला नहीं किया जा सकता। कांग्रेस शासित राज्य छत्तीसगढ़ में भी रामायण महोत्सव और रामजी की माता कौशल्या की जन्मस्थली का विकास हो रहा है। कांग्रेस ने यूपी में एक बड़ा फैसला यह भी लिया है कि राहुल गांधी को जिस अमेठी से पराजय मिली, वहां से नेहरू-गांधी परिवार से कोई प्रत्याशी नहीं उतारा जाएगा। महागठबंधन की बात भी कांग्रेस कर रही है। बसपा प्रमुख मायावती ने तो अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी है। पटना में 23 जून को विपक्षी दलों की बैठक होनी है। लोकसभा 2024 के लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आगामी आम चुनाव में एक साल से भी कम का वक्त बचा हुआ है। इस बीच खबर है कि आगामी लोकसभा चुनाव में अमेठी से कांग्रेस, गांधी-नेहरू परिवार से कोई प्रत्याशी नहीं उतारेगी। दरअसल, लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस की बैठक हुई है। इस बैठक में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी मौजूद थीं। इस बैठक में अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट पर पार्टी की रणनीति और प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव लड़ने पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार यह तय किया गया है कि नेहरू गांधी परिवार का कोई भी सदस्य इस बार अमेठी सीट से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेगा। अमेठी सीट को लेकर परिवार और कांग्रेस पार्टी में अब कोई खास दिलचस्पी भी नहीं रह गई है। महागठबंधन होने पर कांग्रेस अमेठी की सीट को लेकर प्रभावशाली तरीके से दावेदारी भी नहीं करेगी। ज्यादा संभावना इसी बात की है कि महागठबंधन होने पर कांग्रेस यह सीट सहयोगी दलों के लिए छोड़ सकती हैं। वहीं रायबरेली सीट को लेकर पार्टी अभी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है। सूत्रों ने दावा किया कि गठबंधन होने पर कांग्रेस रायबरेली सीट से अपना उम्मीदवार उतारेगी। सोनिया गांधी के चुनाव लड़ने पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।



संपादकीय

# फेल निराश ना हो:- पांचवी ,आठवीं NIOS से पास करें



डॉ प्रताप सिंह वर्मा



**रानी अवन्ति ओपन स्कूल से कमजोर एवं अधूरी पढ़ाई छोड़ चुके विद्यार्थी की होगी पूरी पढ़ाई**

**अब कमजोर विद्यार्थी अपनी अधूरी पढ़ाई को दोबारा शुरू कर सकते हैं जो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने राष्टीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) से सीधे 5 वीं (बी लेवल) एवं 8 वीं (सी लेवल) परीक्षा द्वारा होगी । इन परीक्षाओं का संचालन रानी अवंती ओपन स्कूल सम्बद्ध रानी अवंती हेल्प लाइन संस्था इटारसी द्वारा आयोजित किया जावेगा। संस्था समन्वयक डॉ प्रताप सिंह वर्मा ने बताया कि इस केंद्र से पढ़ाई में कमजोर, निरक्षर, ग्रामीण युवा व ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं वह दुबारा अपनी पढ़ाई को शुरू कर सकेंगे एवं आगे कक्षाओं के लिए उनके अध्ययन के दरवाजे खुले रहेंगे ।**

### पाठ्यक्रम की मान्यता

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान से उत्तीर्ण 5 वीं (बी लेवल) एवं 8 वीं (सी लेवल) के विद्यार्थी आगे अध्ययन हेतु किसी भी स्कूल में रेगुलर 6 वीं एवं 9 वीं मैं प्रवेश ले सकते हैं तथा आवश्यक वार्षिक अंतरालों के बाद एनआईओएस से पांचवी उत्तीर्ण विद्यार्थी आठवीं बोर्ड की परीक्षा एवं एनआईओएस से आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी दसवीं बोर्ड की परीक्षा एम पी बोर्ड माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्रायवेट दे सकते हैं एवं म प्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से भी आठवीं दसवीं की परीक्षा दे सकते हैं ।

### उद्देश्य

रानी अवंती ओपन स्कूल द्वारा संचालित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण एवं संपर्क कक्षा कार्यक्रमों के प्रमुख उद्देश्य निम्न हैं:-

1. बीच में शाला छोड़ने वालों को आगे अध्ययन के अवसर प्रदान करना। पठन-पाठन सामग्री के माध्यम से स्वअध्ययन के लिये प्रेरित करना।
2. औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा के बीच कड़ी का काम करना।
3. उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त करने में सहायता करना।

### विद्यार्थियों का पंजीयन

1. इस कार्यक्रम का संचालन रानी अवंती हेल्प लाइन संस्था के माध्यम से किया जायेगा। नवसाक्षर छात्र/छात्रायें या वे व्यक्ति जो पांचवी या आठवीं की परीक्षा देना चाहते हैं इस संस्था के माध्यम से अपना पंजीयन करायेंगे। पंजीयन के पश्चात् ये मार्गदर्शन प्राप्त कर परीक्षा में बैठेंगे तथा वहीं से प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।
2. प्रमाण पत्र नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग, भारत सरकार द्वारा दिया जाएगा।
3. आवेदन फॉर्म के साथ जन्मतिथि का प्रमाण होना आवश्यक है जैसे जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड या पिछली कक्षा की अंकसूची या जन्म प्रमाण से संबंधित दस्तावेज
4. परीक्षार्थियों का रजिस्ट्रेशन 2 वर्ष के लिए वैध होगा ।

### संपर्क कक्षाएं

पंजीयन प्रक्रिया पूरी होने पर छात्रों को रानी अवंती ओपन स्कूल के संपर्क में रहना होगा संपर्क कक्षाएं यहीं पर आयोजित की जाएगी जहां छात्र विभिन्न विषयों से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। संपर्क कक्षाएं रानी अवंती ओपन स्कूल द्वारा निर्धारित समय चक्र के अनुसार ही होगी।

### पाठ्यक्रम विशेषताएं

1. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग NIOS, नई दिल्ली के द्वारा प्रमाणन। हिन्दी भाषा, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, सामान्य गणित के अतिरिक्त पाठ्य सहभागी क्रियाओं का व्यवसायिक विषयों का भी अध्यापन एवं मूल्यांकन किया जावेगा।
2. सरल भाषा में पाठ्य सामग्री।
3. मध्यावधि एवं आंतरिक मूल्यांकन की सुविधा ।

### परीक्षा सरंचना

प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा एवं परीक्षा परिणाम मई-जून में घोषित किया जाएगा।

**पांचवी आठवीं कक्षाओं के परीक्षा के विषय होंगे:- कक्षा पांचवी के लिए 1 हिंदी या अंग्रेजी 2 सामाजिक विज्ञान 3 गणित 4 व्यवसायिक विषय**

**कक्षा आठवीं के लिए:-1 हिंदी या अंग्रेजी 2 सामाजिक विज्ञान 3 विज्ञान 4 गणित 5 व्यवसायिक विषय व्यवसायिक विषय का चयन शिक्षार्थी द्वारा अपनी रूचि एवं क्षमता का ध्यान रखकर किया जाएगा । इसमें उन्हें परिचयात्मक जानकारी दी जाएगी लेकिन कोई पाठ्य सामग्री नहीं दी जाएगी ।**

इसके अतिरिक्त प्रतिभा संबंधित गतिविधियां होंगी जैसे- कविता, गायन, नृत्य, वाद्य, संगीत, नेतृत्व क्षमता, अभिनय, अनुकरण क्षमता, सृजनशीलता इत्यादि का भी मूल्यांकन किया जाएगा । इसी के साथ सद्गुण एवं पाठ सहभागी क्रियाओं का भी मूल्यांकन किया जाएगा ।

# मध्य प्रदेश के मेडिकल कालेजों में प्रवेश 15 जुलाई से प्रारंभ होगा

**मध्य प्रदेश सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को पांच प्रतिशत आरक्षण मिलेगा**



**मध्य प्रदेश के सरकारी और निजी मेडिकल कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया 15 जुलाई से पंजीयन के साथ शुरू होगी । नीट का परिणाम इससे पहले जारी होने की प्रत्याशा में तैयारी की जा रही है । 13 सरकारी और 10 निजी कालेजों के लिए काउंसलिंग होगी । प्रवेश के लिए नियम तैयार किए जा रहे हैं ।**

### एक साथ होगी काउंसलिंग

कुल सीटों में पांच प्रतिशत सरकारी स्कूल में पढ़े विद्यार्थियों के लिए आरक्षित रहेंगी। प्रवेश नियमों में इसका प्रविधान किया जा रहा है।

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय कोटे और राज्य कोटे की सीटों के लिए काउंसलिंग एक साथ की जाएगी। पिछले साल तक राज्य कोटे की काउंसलिंग बाद में होती थी।

### 1 जुलाई से काउंसलिंग की तैयारी

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने के अलावा प्रवेश नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। सीट लीविंग और अनिवार्य सेवा बांड की शर्तें यथावत रहेंगी। इसके पहले स्नातकोत्तर (एमडी-एमएस) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग एक जुलाई से कराने की तैयारी चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने की है।



डॉ प्रताप सिंह वर्मा

### पांच प्रतिशत आरक्षण का इन्हें मिलेगा लाभ

जिन विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूल से कक्षा छठवीं से 12वीं तक नियमित पढ़ाई की हो। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूल में पहली से आठवीं तक पढ़ाई की हो। इसके बाद नौवीं से 12वीं तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल में की हो।

# खालिस्तान समर्थकों को नियंत्रित करना जरूरी



ललित गर्ग



कुछ शक्तियां देश के आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने में जुटी है, वहीं कुछ संकीर्ण, साम्प्रदायिक, उन्मादी एवं अलगाववादी शक्तियां देश को तोड़ने एवं धुंधलाने में लगी है। वोटबैंक के नाम पर लोगों को अलग-अलग खेमों में बांटने, तुष्टिकरण एवं उन्मादी काली शक्तियों को प्रोत्साहन देने एवं ज्वाला बनाने का काम देश के लिये घातक एवं नुकसानदेह है। वोटबैंक की राजनीति सभी देशों में होती है, पर ऐसा करते हुए भी मर्यादा एवं देश की एकता का ध्यान भी रखा जाता है। कानून का राज कायम रखने और विश्व शांति के खतरों को कमतर करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। जिन देशों में इसका ध्यान नहीं रखा जाता, वहां जल्दी ही लोकतंत्र भीड़तंत्र में बदल जाता है, टूट एवं बिखर कर रसातल में चला जाता है। धार्मिक कट्टरपंथियों एवं उन्माद के आगे नतमस्तक रहे पाकिस्तान को देखकर इस समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है। कनाडा में पिछले कुछ समय से और खासकर जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में, वहां बसे सिखों को साधने के लिए जिस तरह खालिस्तान समर्थकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, वह भारत के लिए निश्चित रूप से चिंता की बड़ी वजह है, लेकिन यह कनाड़ा के लोकतंत्र के लिये भी बड़ा खतरा बनने का संकेत हैं।

कनाडा में बेलगाम होते खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं, लेकिन अब उनका दुस्साहस इतना अधिक बढ़ गया है कि वे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का खुलेआम जश्न भी मनाने लगे हैं। कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह एक परेड निकाली और उसमें इंदिरा गांधी की हत्या करते हुए दिखाया गया, इसमें दो सिखों सतवंत सिंह और बेअंत सिंह को गोली मारते दिखाया गया। वह बेहद त्रासद, शर्मनाक और घिनौना है। यह परेड करीब पांच किमी तक निकाली गई। स्पष्ट है कि कनाडा की पुलिस आतंक का महिमामंडन करने वाली इस घिनौनी परेड को चुपचाप देखती रही। आतंकवाद का ऐसा खुला, लज्जाजनक और नग्न समर्थन कनाडा के साथ सभ्य समाज को शर्मसार करने वाला है। निश्चित ही इससे दुनिया में पनप रहे आतंकवाद को बल मिलेगा। यह आज सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय प्रश्न है।

भारत में भी कनाड़ा की ही भांति वोट बैंक ही पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद एवं जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवाद पनपने का बड़ा कारण बना था। इस घटना के सामने आने के बाद भारत सरकार की तीखी प्रतिक्रिया जायज है। ऐसी घटनाओं के कारण दोनों देशों के संबंधों पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस नेताओं ने भी घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। यह एक ऐसी घटना है जिसमें बगैर किसी राजनीति के पक्ष व विपक्ष दोनों के सुर का एक होना जरूरी है। ऐसा ही दिखा भी, दिखना भी चाहिए। पंजाब में खालिस्तानी स्वर उग्र हो रहे हैं, इसको उग्रता देने में कनाड़ा आदि देशों में रह रहे खालिस्तान समर्थक सिखों से मिल रही आर्थिक मदद एवं अन्य प्रोत्साहन बड़े कारण है। अब एक बार फिर खालिस्तान समर्थक तत्व देश के अंदर और बाहर सक्रिय हो रहे हैं। कनाडा उनके लिए एक बड़ा केंद्र एवं आश्रय-स्थल बनकर उभरा है। और यह वहां अपनी तरह का कोई पहला मामला नहीं है। पिछले साल भी वहां से एक अलग देश खालिस्तान बनाए जाने के सवाल पर जनमत संग्रह करवाए जाने की खबर आई थी। खालिस्तान समर्थक कभी भारतीय उच्चायोग को घेरते हैं कभी भारतीयों पर हमले करते हैं और कभी मंदिरों को निशाना बनाते हैं।

कनाडा सरकार हर बार इन खालिस्तानी चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कहकर चुप्पी साध लेती है। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे ताजा विडियो को हालांकि सबसे पहले कांग्रेस नेताओं ने मुद्दा बनाया, लेकिन फिर सरकार भी इस पर जागरूक हुई है। ऐसी घटनाएं न तो भारत-कनाडा रिश्ते के लिए अच्छी हैं और न कनाडा के लिए। बहरहाल, इससे यह साफ हो जाता है कि कनाडा में हिंसा की वकालत करने वाले अतिवादी और अलगाववादी तत्वों पर कोई अंकुश नहीं रह गया है। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने हालांकि इस घटना की निंदा की और कहा कि उनके देश में नफरत, द्वेष और हिंसा के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन ऐसे औपचारिक बयान जारी कर देना काफी नहीं है। उनका बयान लीपापोती के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि सच यही है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की कट्टरता और नफरत को पालने-पोसने का काम बड़ी ही बेशर्मी से किया जा रहा है, वहां की सरकार खालिस्तान समर्थकों को बढ़ावा देने में लगी हुई है। इसी के चलते उनका दुस्साहस बढ़ता चला जा रहा है। वैसे तो उग्रपंथी खालिस्तान समर्थक दुनिया के कई देशों में सक्रिय हैं, लेकिन वे जितने कनाडा में बेलगाम हैं, उतने अन्यत्र कहीं नहीं। कनाडा को समझना होगा कि आतंकवाद, अलगाववाद, नफरत और हिंसा की आग सबसे पहले उन देशों को जलाती है जो इसे हवा देते हैं। ऐसे देशों की दुर्गति के उदाहरण सबके सामने हैं। उन देशों के अनुभव से समय रहते सबक लेना चाहिए।

कनाड़ा में खालिस्तान समर्थन का बड़ा कारण यह है कि कनाडा की वर्तमान सरकार उस राजनीतिक दल के समर्थन के भरोसे सत्ता में है, जिसमें खालिस्तान समर्थक भरे पड़े हैं। कनाडा की सरकार संकीर्ण राजनीतिक कारणों से खालिस्तान समर्थकों की भारत-विरोधी अराजक, घृणित और नफरत फैलाने वाली हरकतों की जानबूझकर अनदेखी कर रही है। यह अच्छा हुआ कि विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बिना किसी लाग लपेट कहा कि कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए हो रहा है और वहां खालिस्तान समर्थकों को मिल रहे समर्थन से दोनों देशों के संबंध खराब हो सकते हैं। चूंकि इसके आसार कम हैं कि भारत सरकार की आपत्ति के बाद कनाडा सरकार खालिस्तान समर्थक अराजक तत्वों को समर्थन देने से बाज आएगी, इसलिए यह आवश्यक है कि उस पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाया जाए।



भारत के लिये जरूरी है कि यहां सभी राजनीतिक दल इन अति-संवेदनशील एवं देश तोड़क मुद्दों पर एकमत हो। राजनीति के पोषण के बिना खालिस्तानी आतंक उग्र नहीं हो सकता, उनको भड़काकर राजनीति करने वाले दलों से सावधान होने की जरूरत है। खालिस्तान समर्थक अपनी आतंकवादी गतिविधियों एवं हरकतों से देश की एकता एवं अखण्डता को खंडित करना चाहते हैं, ये तत्व अपनी इस तरह की हरकतों के जरिए उस आतंकवाद की ओर से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिसकी वजह से ऑपरेशन ब्लू स्टार जैसे कदम उठाने पड़े और जिसके चंगुल में पंजाब आगे भी कई साल तक फंसा रहा, त्रासदी झेलता रहा, डरा एवं सहमा रहा। न जाने कितने परिवार इस चक्कर में बर्बाद हो गए, कितने लोगों को जान देनी पड़ी। अनगिनत कुर्बानियों के बाद पंजाब जैसे-तैसे उस मुश्किल दौर से निकला और पहले की तरह अपने पराक्रम से विकास की नई कहानियां लिखने लगा। लेकिन अब पुनः पंजाब को उसी खूनी मंजर एवं खौफनाक दौर की ओर अग्रसर करना आजादी के अमृतकाल को धुंधला देगा। जरूरत है तुष्टिकरण हटे, संकीर्ण दायरों से बाहर आये एवं उन्माद भी हटे। अगर भारत माता के शरीर पर इतना बड़ा घाव करके हम कुछ नहीं सीख पाये, आस्था को उन्माद बनाने से नहीं रोका, वोट के लिये धर्म की राजनीति करना नहीं छोड़ा और सर्वधर्म समभाव की भावना को पुनः प्रतिष्ठापित नहीं किया तो यह हम सबका का दुर्भाग्य होगा।

# आम नागरिक भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो: कृषि मंत्री कमल पटेल

## बूथ जीता, चुनाव जीता, मेरा बूथ सबसे मजबूत के संकल्प के साथ हर कार्यकर्ता कार्य करें कृषि मंत्री कमल पटेल

कुलदीप राजपूत

हरदा। भारतीय जनता पार्टी हरदा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 135 के सभी 273 मतदान केंद्र के अध्यक्षों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सेठ हरिशंकर अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमर सिंह मीणा , प्रशिक्षण में मार्गदर्शन देने मुख्य अतिथि कृषि मंत्री कमल पटेल उपस्थित थे।सभी बूथ अध्यक्षों की हंड्रेड परसेंट उपस्थित रही। पूर्व में भी बूथ विजय संकल्प अभियान हरदा विधानसभा में लगातार एक महा तक चला उसमें 8673 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही थी।



जिला अध्यक्ष मीणा ने बूथ अध्यक्षों से सीधी बात की गई। इसी के तहत केंद्र सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं पर बात की गई किस प्रकार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधी जनता को हो और उसका लाभ जनता को मिले और आम नागरिक भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो।

मंत्री पटेल ने सभी देव तुल्य कार्यकर्ता गण को संबोधित करते हुए बताया कि आज से सभी कार्यकर्ता बूथ जीता चुनाव जीता के संकल्प के साथ के साथ जुट जाना है।

बूथ जीता चुनाव जीता, मेरा बूथ सबसे मजबूत हर एक बूथ पर कार्यकर्ता को विजय का संकल्प के साथ कार्य करना है और भाजपा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा जनता को मिले एवं हर मतदान केंद्र के हर घर जाकर कार्यकर्ता जनता से सीधा संपर्क बनाएं और भाजपा की सरकार द्वारा लाभान्वित हुए लोगों से मिलना है एवं सभी पन्ना प्रमुख हर घर संपर्क करें सभी कार्यकर्ता हर मतदाता से संपर्क करके भारतीय जनता पार्टी की विजय के संकल्प को पूरा करने के लिए अभी से सभी कार्यकर्ताओं को जुट जाना है जो आगामी विधानसभा एवं लोकसभा तक हमें विजय के संकल्प के साथ कार्य करना है।

नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश झूरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गौर, पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि पहलाद पटेल, सांसद प्रतिनिधि राजू कमेडिया, विधायक प्रतिनिधि उदय सिंह चौहान, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजू गोदारा, कार्यक्रम का संचालन देवी सिंह सांखला, कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष विनोद गुर्जर द्वारा किया गया।

## केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को जन्मदिन की सिसोदिया ने अग्रिम बधाई दी



भोपाल। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का 12 जून को जन्म दिवस हैं। इधर मंत्री तोमर के आगामी दिवस में लखनऊ में कार्यक्रम होने के चलते उनके जन्म दिवस को लेकर सवाई सिंह सिसोदिया भोपाल व अन्य लोगो ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, के निवास पर उन्हें उनके जन्मदिन की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए मुलाकात की गई।

## बैडमिंटन हॉल एवं जिम डे केयर सेंटर मैं ठेकेदार की लेबरों ने किया कब्जा गंदगी का अंबार

नर्मदा समय, अरुण कश्यप



**बानापुरा।** सिवनी मालवा के उप नगरी बानापुरा के डे केयर सेंटर एवं जिम के सामने गंदगी का अंबार एवं पानी भरे होने के कारण जिम मैं आने जाने वाले युवाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।वही बैडमिंटन हॉल मैं प्राइवेट ठेकेदार की लेबर ने कब्जा जमा कर रखा है। बच्चों एवं व्यापारियों एवं नागरिकों के खेलने के मैदान को एवं बैडमिंटन हाल मैं लेबर ने कब्जा जमा कर रखा है। ठेकेदार के वाहन एवं ठेकेदार की सामग्री रेत गिट्टी लोहा सीमेंट आदि सामग्री बैडमिंटन हॉल में रखी हुई है। नगर पालिका स्वराज अधिकारी समर सिंह उईके एवं नगर पालिका अधिकारी के घर के बाद ही बानापुरा में बैडमिंटन हॉल बना हुआ है। नगर पालिका स्वराज अधिकारी के घर के सामने ही बैडमिंटन हॉल में ठेकेदार की लेवर ने कब्जा जमा कर रखा है लेकिन अधिकारी देखकर भी अनदेखी कर रहे हैं एवं बानापुरा के नगर वासियों को बैडमिंटन एवं खेल से वंचित रखा जा रहा है। गर्मियों की छुट्टी में बच्चों को खेल मैदान से वंचित किया जा रहा है और ठेकेदारों को पूरी सुविधा दी जा रही है एवं शाम होते ही डे केयर सेंटर के सामने एवं बैडमिंटन हॉल के सामने शराबियों का भी अड्डा बन जाता है। नगर कांग्रेस कमेटी ने इन मुद्दों को लेकर तहसील कार्यालय में बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर ज्ञापन सौंपा गया है। नगर पालिका में जो भ्रष्टाचारी और मनमानी हो रही है, उनके खिलाफ आवाज उठाई गई है। अब देखना यह है कि नगरपालिका की नए ठेकेदार एवं ठेकेदारों की मनमानी एवं नगर पालिका की भ्रष्टाचारी कब खत्म होती है।

## झेलम एक्सप्रेस में दिव्यांग महिला से शर्मनाक हरकत गार्ड ने थप्पड़ मारा, गिरेबान पर हाथ डाला

नर्मदा समय, अरुण कश्यप



**इटारसी।** झेलम एक्सप्रेस में दिव्यांग महिला से शर्मनाक व्यवहार किया गया जिसमें गार्ड ने थप्पड़ मारा, गिरेबान पर हाथ डाला, आरपीएफ जीआरपी ने दिव्यांग कोच से उतारा। मामले में 7 घंटे बाद भी विकलांग महिला यात्री को नहीं मिल पाई ट्रेन। आरपीएफ, जीआरपी के इस रवैये के कारण विकलांग महिला यात्री और उनकी मासूम बेटी को उठाना पड़ रहीं परेशानी।महिला यात्री को विकलांग कोच से उतारने के बजाय जी आर पी की टीम ट्रेन में ही साथ जाकर लिख सकती थी शिकायत । लेकिन गार्ड के थप्पड़ मारने की बात कहने भर से विकलांग महिला को विकलांग कोच से उतारा गया। कोच के अन्य विकलांग यात्रियों का कहना था कि गार्ड ने पहले हम लोगों को गालियां दी।विरोध किया तो उसने महिला को मारा। बावजूद आरपीएफ जीआरपी के जिम्मेदारों ने गार्ड की बात को तवज्जो दी। देश के प्रधानमंत्री विकलांग को सम्मानजनक शब्द से संबोधन के लिए दिव्यांग कहना शुरू कराया। वही इटारसी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जीआरपी के द्वारा जो किया वो काफी शर्मनाक घटना है।

# आम आदमी पार्टी ने मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह को पद से हटाने बाबत ज्ञापन सौंपा

नर्मदा समय, अरुण कश्यप

***नर्मदापुरम ।आम आदमी पार्टी, जिला-नर्मदापुरम के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा, महामहिम राज्यपाल महोदय मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन भोपाल के नाम संयुक्त रूप से कलेक्टर जिला-नर्मदापुरम के माध्यम से वर्तमान में भाजपा के नगरी प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह की लोकायुक्त द्वारा निष्पक्ष जांच हेतु ज्ञापन दिया गया।***



आप ज़िला अध्यक्ष राजेंद्र मालवीय ने बताया की लोकायुक्त द्वारा मंत्री भूपेन्द्र सिंह के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति की जाँच की जा रही है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह वर्तमान में नगरीय प्रशासन मंत्री के पद पर है पद पर रहते हुये उनके द्वारा जाँच को प्रभावित किया जा सकता है। इसीलिए अभी तक उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज भी नहीं हुई है।

उनके पद पर होते हुये जाँच भी प्रभावित की जा सकती है। इसीलिए हम आम आदमी पार्टी जिला नर्मदापुरम के समस्त कार्यकर्ता ज्ञापन के माध्यम से मंत्री भूपेन्द्र सिंह पर एफ.आई.आर. दर्ज करने तथा भूपेन्द्र सिंह को तत्काल पद से हटाने की माँग करते है।

इस समय कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित आम आदमी पार्टी जिला-नर्मदापुरम के लोक सभा उप प्रमुख महेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला अध्यक्ष राजेंद्र मालवीय, जिला सचिव कासिम अली, जिला संयुक्त सचिव (अनु.जाति) कमलेश कुमार गढ़वाल, जिला संयुक्त सचिव प्रेम नारायण मौर्य, जिला संयुक्त सचिव राहुल मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष रुपेश मालवीय, लीगल विंग जिला अध्यक्ष आर के जराठे, जिला किसान उपाध्यक्ष आर एन गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष धनीराम गौर, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संगीता चौकसे, जिला अध्यक्ष (अनु जाति) बी सी बरगले, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राहुल मीणा, युवा मोर्चा संयुक्त सचिव दीपक यादव, हफीज खान, सचिन ठाकुर, सुशीला बरगले, अनीता गुप्ता, शुभम राजपूत, ज्योति कदम, राम बाई माधव, अशरफ़ अली, दीप्ति राठौर एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगरी क्षेत्र में आमजनों से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



नर्मदा समय, अरुण कश्यप

**सिवनी मालवा। नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचकर नवीन राय को ज्ञापन सौंपा। नगरी क्षेत्र में आम जनों से जुड़ी समस्याओं के समाधान नहीं होने पर ज्ञापन सौंपा गया। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वदेश शर्मा के नेतृत्व में जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका सिवनी मालवा में आम जनों की समस्याओं पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।**

अत: नगर पालिका में भ्रष्टाचारी रुकने का नाम नहीं ले रही है वही समीर शर्मा एवं पार्षद अजय पटेल ने भी जानकारी देते हुए बताया की नगर पालिका मैं सिवनी मालवा की सबसे बड़ी समस्या बायपास जोकि कई बार रिपेयर हो चुकी है बायपास का सही तरीके से निर्माण नहीं हो पा रहा है।

बायपास को तत्काल ठीक किया जाए एवं नगर पालिका द्वारा 18 मई 2022 में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत जो विवाह कराए गए थे। शासन द्वारा अभी तक उन्हें आर्थिक सहायता नहीं प्राप्त हुई है। नाही विवाह की सामग्री दी गई है। शीघ्र से शीघ्र विवाह की सामग्री एवं रांची को दिया जाए सिवनी मालवा की सबसे बड़ी समस्या नल जल योजना नर्मदा जल योजना में दोनो टाइम पानी देने का कहा था। किंतु पानी सिर्फ टाइम समय पर ही ही दिया जा रहा है।

दोनों टाइम पानी दिया जाए और समय बढ़ाया जाए। सुदेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को तीसरी किस्त अभी तक नहीं मिली है। उन्हें भी शीघ्र से शीघ्र पूरा किया जाए एवं नाली निर्माण सड़क निर्माण मैं ठेकेदारों के द्वारा जो भ्रष्टाचारी की जा रही है, उसे शीघ्र से शीघ्र रोका जाए एवं शासकीय जागो पर ठेकेदारों जीलैब रोने कब्जा जमा कर रखा है एवं ठेकेदारी मनमानी कर रहे है। शासकीय जगह से ठेकेदारों की लेबर को तुरंत हटाया जाए एवं ठेकेदारों की मनमानी बंद की जाए।

## न्यायाधीश वकीलों ने प्लास्टिक का कचरा उठा कर चलाया जागरूकता अभियान

बबलू निरापुरे/ नर्मदा समय



**आमला।** व्यवहार न्यायालय आमला के अपर जिला न्यायाधीश अतुल राज भलावी राकेश सनोडिया रीना पिपलिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हिरामन नागपूरे सचिव दिनेश सोनी ने आज प्लास्टिक को बिनकर साफ सफाई हेतु लोगों को जागरूकता कर आमला न्यायालय में एवं वार्ड क्रमांक 5 में प्रशासनिक कॉलोनी के आसपास साफ-सफाई कर जागरूकता अभियान चलाया न्यायाधीश अतुल राज भलावी ने साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक का उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता थे राकेश सनोडीया ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से कैंसर जैसी घातक बीमारी होती है । इसका ऊपयोग स्वास्थ्य समाज के लिए घातक है। हमें चाहिए कि हम अपने घर से कपड़े का झोला लेकर निकले और कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करें रीना पिपलिया ने कहा कि जिस प्रकार से दैनिक उपयोग में प्लास्टिक का उपयोग अत्यधिक बड़ रहा है । आमजन पॉलिथीन मांगने के आदी हो गए हैं उन्होंने बताया कि वह जब भी बाजार जाती हैं अपने साथ कपड़े का थैला लेकर साथ जाती हैं। इस अवसर पर 51 पीपल अनार नीम अशोक आंवले बेल पत्ती पौधे लगाये गए।

## ग्राम पंचायत ने नशामुक्ति के लिए उठाया कदम :शराब बिक्री पर प्रतिबंध का प्रस्ताव किया पास

**शाहपुर।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत ढोढरामऊ के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने गांव में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का पहला प्रस्ताव पारित कर नई पहल की है। यह पहल ग्रामीणों को शराब की बुरी लत से छुटकारा पाने के लिए की गई है। सरपंच रामेश्वर अखंड ने बताया कि 8 जून को पंच, जनप्रतिनिधियों और गांव के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इसमें पंचायत के गांव ढोढरामऊ में सर्वसम्मति से शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। अगर कोई भी व्यक्ति शराब बेचते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। सभी ग्रामीणों ने इस प्रस्ताव का समर्थन कर गांव में शराब बिक्री पर रोक का संकल्प लिया।

**गांव में नहीं है शराब का ठेका:** जनपद सदस्य महेंद्र इरपाचे ने बताया की गांव में शराब आसानी और उधार मिलने से कई लोगों में नशे की बुरी लत लग गई थी। रोज गांव में शराबी हंगामा कर शांति भंग करते थे। लड़ाई झगड़े तो आम बात हो गई थी। शराबियों के कारण घर की महिलाएं ज्यादा परेशान थी। अब हमने शराब बंदी का निर्णय लेकर गांव में शराब बिक्री पर रोक लगा दी है। अब गांव में शराब नहीं बिकेगी।

**लंबे समय से गांवों में हो रही शराब की अवैध बिक्री:** बता दें कि, ब्लॉक के बीजादेही, ढोढरामऊ,कुप्पा, संगवानी, फोफलिया, डाबरी, बाना बेहड़ा, बरजोरपुर, चिरमाटेकरी, पोला पत्थर, धापाड़ा, सहित विभिन्न ग्रामों में स्थानीय लाइसेंसी शराब ठेकेदार के संरक्षण में लंबे समय से गांवों में शराब की अवैध बिक्री की जा रही है। शराब ठेकेदार द्वारा खुद के वाहनों से खुलेआम गांव-गांव दुकानें खुलवाकर अंग्रेजी एवं देशी शराब बेची जा रही है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन झगड़े हो रहे है। वहीं विशेष तौर पर पुरुषों की शराबखोरी की लत के कारण महिलाएं परेशान हो रही हैं। गृह कलह से जूझ रही है।

**युवा पड़ रहे नशे की लत:** दर्जनभर ग्रामों में अवैध शराब खुलेआम बिकने के कारण युवा नशे की लत में पड़ते जा रहे हैं और जिम्मेदार हाथ पर हाथ रखे बैठे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन मारपीट के मामले सामने आ रहे हैं परिवारों में आपसी कलह देखी जा रही है जिसका मुख्य कारण शराब ही है। जो युवा देश का भविष्य है आज नशे की लत के कारण मदहोशी में पड़ा है और जिम्मेदार बेखबर हैं।

**विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई के नाम पर करते हैं खानापूर्ति:** वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करते हैं। अवैध कारोबारियों का गोरखधंधा जैसा चल रहा है चलता रहता है इसलिए इन्हें किसी की कोई परवाह नहीं है।

## पूर्व विधायक निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**शाहपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी बैतूल प्रवास के दौरान भौंरा में गंगा सज्जन सिंह उइके के निवास पर पहुंचकर पूर्व विधायक स्वर्गीय सज्जन सिंह उइके को श्रद्धांजलि अर्पित की । राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके ने किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी का शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस दौरान श्री चौधरी ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि देश मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नौ वर्ष में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर जो काम हुए हैं। इस अभियान को लेकर पूरे देश, प्रदेश के अंदर भारतीय जनता पार्टी घर घर जाने के काम में जुटी है। आज मप्र के लिए बहुत ऐतिहासिक दिन है। मप्र की हमारी लाडली बहना योजना के अंतर्गत सीएम शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के सशक्तिकरण में प्रभावी कदम उठाया है। इस दौरान युवा मोर्चा जिला मंत्री मनीष वर्मा , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव, गब्बर साहु शुभम वागद्रे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# खुशी जैन अपनी चित्रकला से कर रहीं गांव सहित मध्यप्रदेश का का नाम रोशन

नर्मदा समय

**टीकमगढ़ । भारत में केवल मूर्तिकला ही नहीं अपितु चित्रकला ने भी कई ऐतिहासिक इमारतों को उजागर किया है। हड़प्पा, सिंधु घाटी की सभ्यताओं में भी चित्रकारी का वर्णन मिलता है। इसके साथ ही अजंता की दीवारों और छत ज्वलंत चित्रकला के सबसे प्रमुख उदाहरण आज भी देखे जा सकते हैं। जैसे-जैसे मनुष्य सभ्य होता गया, उसकी जीवन शैली के साथ-साथ उसका कला पक्ष भी मजबूत होता गया।**





जहाँ पर एक ओर मृदभाण्ड,भवन तथा अन्य उपयोगी सामानों के निर्माण में वृद्धि हुई वहीं पर दूसरी ओर आभूषण,मूर्ति कला,मुहर निर्माण, गुफा चित्रकारी आदि का भी विकास होता गया। भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में विकसित सैंधव सभ्यता हड़प्पा सभ्यता भारत के इतिहास के प्रारम्भिक काल में ही कला की परिपक्वता का साक्षात् प्रमाण है। खुदाई में लगभग 1,000 केन्द्रों से प्राप्त इस सभ्यता के अवशेषों में अनेक ऐसे तथ्य सामने आये हैं,जिनको देखकर बरबर ही मन यह मानने का बाध्य हो जाता है कि हमारे पूर्वज सचमुच उच्च कोटि के कलाकार थे आज विश्वपटल पर भारत की प्रसिद्ध है चित्रकला।

देश के मध्यप्रदेश,टीकमगढ़ जिले के हटा गांव की रहने वाली ग्रामीण अंचल की एक 17 वर्षीय खुशी जैन अपनी चित्रकला से कर रहीं है अपने गांव जिला और प्रदेश का नाम रौशन आज हम आपको मिलवाएंगे एक 17 वर्षीय युवा कलाकार से जो सुंदर चित्र बनाने में माहिर हैं। खुशी जैन मध्यप्रदेश की टीकमगढ़ के हटा गांव की रहने वाली हैं,उनकी माता का नाम मनीषा जैन और पिता का नाम वीरेंद्र जैन है।उनका एक बहुत छोटा सा गांव है, उन्होंने श्री दिगंबर जैन महिला आश्रम सागर मध्यप्रदेश स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की है। उनकी उम्र केवल 17 साल है। उन्हें बचपन से ही रेखाचित्र बनाने का शौक है, वह बड़ी होकर कलाकार बनना चाहती हैं बहुत छोटी ही उम्र से पेंटिंग करना सीख गयीं थी। स्कूल जाकर उन्हें अपनी इस कला को और निखारने का मौका मिला। खुशी जैन अपनी इस प्रतिभा के माध्यम से अबतक कई प्रभावशाली चित्र खासकर सामाजिक समस्याओं पर चित्रकला बना चुकी हैं। खुशी जैन को घर के साथ-साथ स्कूल में भी अपनी इस कला को आगे बढ़ाने का पूरा सहयोग मिलता रहा। उनकी टीचर्स उन्हें हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित करती हैं। खुशी अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिजनों और अपने गुरुजनों को देती है। खुशी जैन बताती हैं कि एक चित्रकला बनाने के लिए सबसे जरूरी है कि जिस पेपर पर तस्वीर बनाई जाए वो काफी मोटा हो, इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि पेंट शुरू करने से पहले पेंसिल से एक आउटलाइन जरूर बना लें। अपनी कला को लेकर बेहद कॉफिडेंट हैं और उन्हें यकीन है कि अगर उन्होंने और मेहनत की तो वो और अच्छी चित्रकार बन सकती हैं।खुशी जैन की बनाई गई चित्रकला और पेंटिंग कलाकृतियाँ देख किसी को यकीन नही होता की महज 17 साल की उम्र मे ग्रामीण अंचल की रहने वाली गांव की बेटी ऐसा मनोहारी कला का प्रदर्शन कर सकती है।वह अपनी चित्रकला और पेंटिंग की कलाकृतियों से ऐतिहासिक विश्व पटल पर भारत की प्रसिद्ध चित्रकला को कायम रखना चाहती है।

## बोरदेही युवक कांग्रेस ने सौपा ज्ञापन

बबलू निरापुरे नर्मदा समय



**आमला। विगत दिनों पूर्व युवक कांग्रेस के बैनर तले विकासखंड के ग्राम बोरी खुर्द में ग्राम बोरी से सारणी मार्ग निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा युवक कांग्रेस एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सहित लगभग दो दर्जन से अधिक कांग्रेस नेताओं पर मामला दर्ज कर दिया गया था।**

जिसके विरोध में जिले में ज्ञापन के माध्यम से दर्ज मामला वापिस लेने की मांग की जा रही थी। इसी तारतम्य में युवक कांग्रेस बोरदेही ब्लाक अध्यक्ष सुभम साहू के नेतृत्व में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारीयों द्वारा आज ज्ञापन सौपा गया, ओर आमला में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारीयों पर दर्ज मामले को वापस लेने की मांग की गई। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि युवा कांग्रेस आमला के बैनर तले जन हित मे बोरी सारणी मार्ग के सुधार को लेकर किये गये आंदोलन की विधियक सूचना प्रशासन को 3 दिन पूर्व दे दी गई थी। एवं धरना स्थल पर नायाब तहसीलदार आमला द्वारा ज्ञापन लेने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

गंभीर एवं जनहित के मुद्दे पर प्रशासन को पूर्व सूचना देकर धरना देने पर भी पुलिस प्रशासन द्वारा धरने पर बैठे कांग्रेस जनो पर एफ. आई. आर. दर्ज कर दी गई। वही पूर्व मे ए. बी. व्ही. पी. के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को बिना किसी सूचना के जाम कर दिया गया था उन पर आज तक कोई प्रकरण दर्ज नही किया गया।

यहां दो तरह को पुलिस प्रशासन की पक्षपात पूर्ण कार्यवाही स्पष्ट नजर आ रही है। सत्तापक्ष के दबाव में करीब दो दर्जन कांग्रेसियो पर धारा 341 ए के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जनहित के मुददो पर पूर्व सूचित कर दिये गये धरना आंदोलन में दर्ज प्रकरण मे पुनः विवेचना कर खात्मा लगाया जाए।ज्ञापन सौपते समय बोरदेही ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेन्द्र चचड़ा , राजेंद्र मंडल , सचिन साहू , सचिन सूर्यवंशी , राजा सूर्यवंशी, सनी मंडल , मोहसिन खान, मनीष साहू , दुर्गेश साहू, निखिल साहू, सागर जैन मुकेश सुरे, आशीष पंडोले, लकी सोनी, दिलीप पांडोले,सतीश वरवड़े, गोलू यदुवंशी, मोहिन खान, तोसिफ खान, राधेश्याम यदुवंशी सहित शामिल रहे।

## समिति के प्याऊ पर पहुंचा नन्हा असद ठडे मीठे जल से बुझाई लोगों की प्यास

### जेबखर्च से बचाए हुए पैसों से मंगाया पानी का टैंकर

नर्मदा समय



**टीकमगढ़।** कई दिनों से फ़ेसबुक पर मानवीय संवेदना समिति से जुड़ा था उनके द्वारा किये गए कार्यों को देखता रहता था कि कैसे ये समिति के लोग निस्वार्थ भाव से इस भीषण गर्मी में प्याऊ पर लोगों के सूखे कंठ तर रहे है। मुझे इन लोगों के इस काम से इतनी प्रेरणा मिली कि मुझे भी इस प्याऊ पर जाना है तब मैंने सोशल मीडिया पर समिति के मनीराम कठैल से संपर्क किया और प्याऊ पर आकर एक टैंकर पानी मंगवाने में सहयोग किया और खुद वहां लोगों को पानी पिलाया, यह बात प्याऊ पर पहुंचे नन्हे असद ने बताई।

मानवीय संवेदना समिति के सचिव मनीराम कठैल ने बताया कि असद नाम के इस लड़के ने मुझे फ़ोन पर बताया की में अपने जेबखर्च से बचे हुये पैसों से प्याऊ के लिए टैंकर मंगाना चाहता हूं और स्वयं वहाँ आकर जलसेवा करना चाहता हूं, इस बच्चे की इस उम्र समाज के प्रति इस भावना को देखकर मन बहुत प्रसन्न हुआ प्रत्येक माँ बाप को अपने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ समाजसेवा के प्रति भी जागरूक करना चाहिए।

## रेत कारोबारी को नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर की हत्या

**हरदा।** छीपाबड़ थाना अंतर्गत क्षेत्र में स्थित एक कार सर्विस सेंटर पर शनिवार शाम को अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने रेत कारोबारी को गोली मारकर हत्या कर दी। रामकष्ण उर्फ जीतू पंडित पिता देव राम जोशी 35 वर्ष निवासी बाबडिया उनके वाहन सेंटर पर सर्विसिंग के लिए लाल आए थे जिसके चलते वे दोपहर 3 :00 से सर्विस सेंटर पर बैठे हुए थे। इसी दौरान शाम को दो अज्ञात लोग उनके मोटर साइकिल दिलवाने का कहकर आए जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था और एक युवक सड़क पर खड़ी बाइक पर बैठा हुआ था। जबकि दूसरा युवक अंदर आया जीतू पंडित कूलर के सामने बैठे हुए थे। तभी नकाबपोश आरोपी ने शाम करीब 6 50 बजे पीछे से आकर जीतू के कान के पास गोली मार दी और बाइक पर बैठकर भाग निकला। जहां उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिर क्या ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया छीपाबड़ थाना टीआई ने बताया कि अज्ञात नकाबपोश आरोपी ने कार सर्विस सेंटर में आकर जीतू पंडित की गोली मारकर हत्या की गई है। मृतक रेत कारोबारी था आरोपी के बारे में सुराग लगाया जा रहा है।

# 23 वर्षों के बाद मिले तो हो गई आंखें नम...

बबलू निरापुरे/नर्मदा समय

**आमला। वर्ष 2001 स्थापना वर्ष में पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय आमला में अध्यनरत छात्र एवं छात्राएं 23 वर्ष बाद अपने महाविद्यालय पहुंचे महाविद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्राध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं प्राध्यापक एवं प्रबंधन समिति का मिलन समारोह आयोजित किया गया।**



जिसमें सत्र 2001 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न शहरों से अपने सहपाठियों प्राध्यापकों, प्रबंधन समिति से मिलने पहुंचे मिलन समारोह का प्रारंभ मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रज्वलित महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, उपाध्यक्ष मनोज मालवे, विवेक शुक्ला वी सचिव शैलेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष यशवंत चड़ोकार , 2001 में प्राध्यापक घनश्याम मदान वर्तमान जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जयवंती हॉकसर शासकीय महाविद्यालय बैतूल द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केशवानंद साहू द्वारा प्रबंधन समिति एवं 2001 में कार्यरत प्राध्यापक घनश्याम मदान सुरेंद्र बारंगे, शिव शंकर सोनी सर्वेश दीक्षित एवं महाविद्यालय में कार्यरत सभी प्राध्यापकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया, छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा द्वारा सत्र 2001 में स्थापना वर्ष में बच्चों द्वारा प्रवेश लेकर महा विद्यालय प्रबंधन समिति पर जो विश्वास जताया। इसलिए उन सभी का साधुवाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष मनोज मालवे ने भी अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थी और उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यार्थियों के विश्वास को ही महाविद्यालय के सार्थक पहल का परिणाम बताया महाविद्यालय ने जो अपनी पहचान बनाने में अपनी कामयाबी हासिल की है। उसमे समस्त विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया यशवंत चढ़ोकार ने भी अपने विचारों साझा किए और वर्तमान समय में कार्यरत विद्यार्थियों को अपने कार्य को ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित किया साथ ही शैलेंद्र गुप्ता ने भी अपने विचारों को साझा किया। अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने भी अपने अपने विचार रखते हुए महाविद्यालय में अपने अनुभव सुख दुख को साझा किया। इस अवसर पर नीता कस्तूरे, ज्योति इंदौरकर, वंदना गायकवाड, रुमा शेलकर, पायल वराठे, अमित शर्मा, संदीप सिसोदिया, आजम खान राजेश साहू, पंजाब हजारे, प्रमोद जैन, हेमंत देशमुख, चेतन राठौर, संजय विश्वकर्मा, प्रशांत टिकारे, राकेश धामोडे सभी परिवार सहित उपस्थित थे अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रबंधन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सभी विद्यार्थियों ने भी गीत संगीत एवं डांस के माध्यम से अपनी-अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। सभी विद्यार्थियों ने अंत में यह दोस्ती हम नहीं तोडेंगे। गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया एवं परिवार सहित भोजन का आनंद लिया अंत में प्राचार्य डॉ केशवानंद साहू ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जाते समय विदाई अवसर पर सभी भावुक हो उठे ,मंच संचालन प्रोफेसर मुकुंदराव ठाकरे द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-प्रताप सिंह वर्मा के लिए ''दिशागोचर प्रकाशन'', 26बी, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी.नगर, जोन-1 भोपाल से मुद्रित एवं लाइफ लाइन भवन शिवराजपुरी कॉलोनी इटारसी जिला नर्मदापुरम 461111 म.प्र. इटारसी से प्रकाशित किया। नो :- सभी विवादों के लिए न्यायक्षेत्र नर्मदापुरम जिला न्यायालय रहेगा। मोबाइल नं.:-7974372722